पीआरजीआई से प्रदत्त पंजीयन संख्या-UAHIN/25/A3123 www.parvatprerna.com

सांध्य दैनिक

# पर्वत प्रेरणा

निष्पक्ष एवं निर्भीकता के साथ सम्पूर्ण राज्य का एक संस्करण

वर्ष : 2 | अंक : 359 | हल्द्वानी | रविवार, 2 अगस्त 2026 | मूल्य 1.00 रुपये | पृष्ठ: 8

## एक नजर

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की संदिग्ध मौत, पेड़ से लटका मिला शव

**बागेश्वर।** जिले की कांडा तहसील के बांसतोली गांव में एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। रविवार को महिला का शव उसके घर के समीप एक पेड़ से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलने पर कांडा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई शुरू कर दी। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस के अनुसार, फिलहाल मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया गया है कि मृतका अपने पीछे दो छोटे बच्चों को छोड़ गई है। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि परिजन गहरे सदमे में हैं। मृतका का पति निजी नौकरी करता है।

### नवनिर्वाचित उप-प्रधानों का शपथ ग्रहण समारोह कल

**चंपावत।** राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के क्रम में जनपदों में संपन्न हुए उप-प्रधानों के निर्वाचन के बाद अब उनके शपथ ग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि शासन चम्पावत जिले में हाल ही में निर्वाचित हुए उप-प्रधानों का शपथ ग्रहण समारोह शासन के निर्देशों के क्रम में आगामी 3 अगस्त 2026 को आयोजित किया

## उत्तराखंड पीसीएस अधिकारियों के वरिष्ठता विवाद पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

### प्रमोटी अधिकारियों को मिलेगी राहत



**नैनीताल।** उत्तराखंड के पीसीएस अधिकारियों के बीच वर्ष 2012 से चल रहा वरिष्ठता विवाद अब समाप्त होने की ओर है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार और सीधी भर्ती से नियुक्त पीसीएस अधिकारियों की विशेष अपीलों को खारिज करते हुए प्रमोटी अधिकारियों के पक्ष में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है।

सुप्रीम कोर्ट की न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की संयुक्त पीठ ने निर्णय दिया कि पदोन्नति के माध्यम से नियुक्त डिप्टी कलेक्टरों को 1 अक्टूबर 2007 से नियमित नियुक्ति और वरिष्ठता का लाभ दिया जाए। साथ ही राज्य सरकार को तीन माह के भीतर संशोधित वरिष्ठता सूची जारी करने के निर्देश दिए हैं।

न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यदि किसी अधिकारी की पदोन्नति नियमानुसार कोटे के भीतर हुई है और बाद में उसका नियमितीकरण किया गया है, तो उसकी निरंतर तदर्थ सेवा को वरिष्ठता निर्धारण में शामिल किया जाएगा। अदालत ने माना कि एक वर्ष से अधिक की तदर्थ सेवा को वरिष्ठता से बाहर नहीं किया जा सकता।

कोर्ट ने यह भी कहा कि उत्तरांचल लोक सेवा आयोग विनियम, 2003 के विनियम 5(क) के तहत आयोग से परामर्श न लिया जाना इस मामले में बाधक नहीं है, क्योंकि यह प्रावधान अनिवार्य नहीं बल्कि मार्गदर्शक प्रकृति का है। प्रशासनिक प्रक्रियाओं की कमी का नुकसान कर्मचारियों को नहीं उठाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि 2007-08 में प्रमोटी कोटे में रिक्त पदों की वास्तविक स्थिति की जांच राज्य सरकार करेगी। साथ ही यह निर्णय बाद के वर्षों में पदोन्नत अधिकारियों के दावों को प्रभावित नहीं करेगा।

इस फैसले के बाद राज्य सरकार को नई संशोधित वरिष्ठता सूची जारी करनी होगी। माना जा रहा है कि इससे कई प्रमोटी पीसीएस अधिकारियों की वरिष्ठता मजबूत होगी और एडीएम तथा भविष्य में आईएएस पदोन्नति के लिए उनकी दावेदारी को बल मिलेगा। अपर सचिव एवं पीसीएस अधिकारी जगदीश कांडपाल, हरवीर सिंह, उत्तम सिंह चौहान और सी.एस. मर्तोलिया सहित कई अधिकारियों को इस निर्णय से सीधा लाभ मिलने की संभावना है।

## शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी आग

**अल्मोड़ा।** नगर के उप्रेती खोला, नंदा देवी क्षेत्र में रविवार सुबह शॉर्ट सर्किट के कारण एक मकान में आग लग गई। फायर सर्विस और स्थानीय लोगों की सतर्कता व त्वरित कार्रवाई से आग पर



समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।जानकारी के अनुसार, सुबह 6:29 बजे फायर स्टेशन अल्मोड़ा को उप्रेती खोला स्थित एक मकान में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही प्रभारी अग्निशमन अधिकारी नरेंद्र सिंह कुंवर के निर्देशन में फायर यूनिट तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई।

मौके पर पहुंचने पर पता चला कि नवीन जोशी पुत्र मोहन जोशी के मकान में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी थी। आग लगने के बाद स्थानीय लोग स्वयं भी आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे। मुख्य अग्निशमन अधिकारी की मौजूदगी में फायर टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाकर आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया और क्षेत्र को सुरक्षित घोषित किया।फायर सर्विस की तत्परता और स्थानीय लोगों के सहयोग से आग को फैलने से रोक लिया गया, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। अभियान में एफएस ड्राइवर विपिन बडोला तथा फायरमैन प्रेम सिंह, धीरेंद्र सिंह, रवि आर्या और मनीषा गोस्वामी शामिल रहे।फायर विभाग ने आमजन से अपील की है कि घरों में लगे विद्युत उपकरणों और वायरिंग की समय-समय पर जांच कराते रहें तथा शॉर्ट सर्किट से बचाव के सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाएं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने शुरू किया नशा मुक्त युवा के लिए विकसित भारत संकल्प अभियान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नशा मुक्त युवा के लिए विकसित भारत संकल्प अभियान का शुभारंभ किया। यह युवाओं को नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रखने और जनभागीदारी के माध्यम से नशा-मुक्त भारत के निर्माण के उद्देश्य से शुरू किया गया 100 सप्ताह का राष्ट्रव्यापी अभियान है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में स्वस्थ, जागरूक और नशा-मुक्त युवा शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है। अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें अपने-अपने समुदायों में सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन का वाहक बनाना है।

इस अभियान के तहत अगले 100 सप्ताह तक प्रत्येक रविवार देशभर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, जनसंवाद, रैलियां, शपथ ग्रहण, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां



आयोजित की जाएंगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया जाएगा और समाज को नशा-मुक्त बनाने के लिए जनसहभागिता को बढ़ावा दिया जाएगा। सरकार का मानना है कि यह अभियान केवल नशे के खिलाफ जनजागरूकता तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि युवाओं में सकारात्मक सोच, स्वस्थ जीवनशैली और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूत करेगा। अभियान में शैक्षणिक संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों, युवा समूहों और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

## कौन किसका आदमी है? उत्तराखंड की राजनीति का सबसे बड़ा रहस्य!

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में दो बातें कभी खत्म नहीं होतीं,पहली, पहाड़ में बारिश कब होगी... और दूसरी, वह किसका आदमी है? यह सवाल इतना लोकप्रिय हो चुका है कि लगता है चुनाव आयोग को मतदाता सूची के साथ एक और सूची जारी करनी चाहिए फलां नेता का आदमी, ढिकां नेता का आदमी और जो किसी का नहीं, वह बेचारा आम आदमी! सुबह चाय की दुकान पर जाइए। पहला घूंट खत्म होने से पहले कोई न कोई राजनीतिक विश्लेषक मिल जाएगा। वह पूरे आत्मविश्वास से बताएगा अरे भाई, उसे टिकट मिलना तय है... वह बड़े नेता का आदमी है।

दूसरा तुरंत टोकेगा पुरानी खबर मत सुनाओ, अब वह दूसरे बड़े नेता का आदमी हो गया है।

तीसरा मुस्कुराते हुए बोलेगा तुम दोनों गलत हो... अब दिल्ली वाले सीधे देख रहे हैं।




बेचारा चौथा चाय पीते-पीते सोचता रह जाता है कि आखिर आदमी है किसका?

उत्तराखंड की राजनीति में कई नेताओं का कद इतना बड़ा है कि उनके आदमियों की संख्या कभी-कभी वोटरों से भी ज्यादा लगने लगती है। कोई खुद को किसी वरिष्ठ नेता का करीबी बताता है, तो कोई किसी राष्ट्रीय नेता का आशीर्वाद प्राप्त होने का दावा करता है। सोशल मीडिया की प्रोफाइल देखिए तो आधे लोग विशेष स्नेह प्राप्त लिखकर घूम रहे हैं।

मजेदार बात यह है कि जब टिकट मिल जाता है तो कहा जाता है, देखा, कहा था न... बड़े नेता का आदमी है।

और यदि टिकट नहीं मिलता तो वही लोग कहते हैं अरे, उसकी ऊपर तक पहुंच थी ही कहाँ!

यानी भविष्यवाणी चाहे जैसी हो, विश्लेषण हमेशा सही साबित कर दिया जाता है।

अब चुनाव नजदीक हैं। हर विधानसभा में राजनीतिक गणितज्ञ सक्रिय हो चुके हैं। चाय की दुकानों से लेकर व्हाट्सऐप यूनिवर्सिटी तक टिकटों का वितरण शुरू हो चुका है। किसी ने अपनी सूची बना ली है, किसी ने दूसरे की काट दी है और कुछ लोग तो ऐसी सूची बना रहे हैं जिसमें आधे उम्मीदवारों को खुद भी नहीं पता कि वे चुनाव लड़ रहे हैं।

सबसे दिलचस्प पात्र वे होते हैं जो हर चुनाव में कहते हैं मेरा टिकट तो पक्का था... बस आखिरी समय में समीकरण बदल गए।

यह समीकरण राजनीति का ऐसा अदृश्य जीव है, जिसे किसी ने देखा नहीं, लेकिन हर हार-जीत का दोष उसी पर डाल दिया जाता है।

सच तो यह है कि लोकतंत्र में सबसे बड़ा आदमी अंतत: जनता होती है। चुनाव के दिन मतदाता जब ईवीएम का बटन दबाता है, तब कई बड़े आदमी और उनके आदमी दोनों का गणित गड़बड़ा जाता है।

इसलिए चुनावी मौसम में यदि कोई पूरे विश्वास से कहे वह फलां का आदमी है, टिकट पक्का है तो मुस्कुरा दीजिए। उत्तराखंड की राजनीति में मौसम और टिकट... दोनों का पूर्वानुमान आखिरी समय तक बदल सकता है।

# सम्पादकीय

## राजनीतिक चुनौतियों के बीच संगठनात्मक शक्ति का प्रदर्शन

भारतीय राजनीति में सत्ता जितनी चुनावी मैदान में तय होती है, उतनी ही संगठनात्मक मजबूती और राजनीतिक समन्वय से भी संचालित होती है। संसद के मानसून सत्र के दौरान आयोजित एनडीए सांसदों के नियमित मंगल मिलन कार्यक्रम को इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए। यह केवल एक औपचारिक बैठक नहीं, बल्कि गठबंधन की एकजुटता, संसदीय रणनीति और भविष्य की राजनीतिक दिशा का संकेत देने वाला मंच भी है। हाल के दिनों में विपक्ष सरकार को विभिन्न मुद्दों पर लगातार घेरने का प्रयास कर रहा है। संसद से लेकर सड़क तक सरकार पर सवाल उठाए जा रहे हैं। ऐसे माहौल में सत्तापक्ष के लिए अपने सहयोगी दलों को साथ लेकर चलना और साझा रणनीति बनाना स्वाभाविक राजनीतिक आवश्यकता है। यही कारण है कि मंगल मिलन जैसी बैठकों का महत्व सामान्य राजनीतिक कार्यक्रमों से कहीं अधिक बढ़ जाता है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सबसे बड़ी ताकत उसका व्यापक राजनीतिक विस्तार और विविध सहयोगी दलों का साथ है। समय-समय पर इन दलों के बीच संवाद बनाए रखना और उन्हें निर्णय प्रक्रिया में सहभागी बनाना गठबंधन की स्थिरता के लिए आवश्यक है। ऐसे आयोजन यह संदेश देते हैं कि सरकार केवल बहुमत के भरोसे नहीं, बल्कि सहयोग और समन्वय की राजनीति पर भी विश्वास करती है। संसद के भीतर प्रभावी रणनीति बनाना भी इन बैठकों का अहम उद्देश्य होता है। सरकार के विधेयकों को आगे बढ़ाने, विपक्ष के आरोपों का जवाब देने और सांसदों को अपने-अपने क्षेत्रों में जनता से संवाद बढ़ाने के लिए प्रेरित करना लोकतांत्रिक राजनीति का सामान्य हिस्सा है। साथ ही यह अवसर सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति तय करने का भी माध्यम बनता है। हालांकि लोकतंत्र की स्वस्थ परंपरा यह भी कहती है कि सरकार जितनी मजबूत होगी, उतना ही मजबूत और तथ्यपरक विपक्ष भी होना चाहिए। सत्ता और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है कि राजनीतिक मतभेद लोकतांत्रिक मर्यादाओं के भीतर रहें और राष्ट्रीय हित सर्वोपरि बना रहे। केवल आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति से जनता की अपेक्षाओं की पूर्ति नहीं हो सकती। आज जब देश कई आर्थिक, सामाजिक और वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब राजनीतिक दलों के लिए संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ जनता का विश्वास बनाए रखना भी सबसे बड़ी कसौटी है। मंगल मिलन जैसे कार्यक्रम तभी सार्थक होंगे जब उनके परिणाम जनता तक बेहतर शासन, प्रभावी नीतियों और जवाबदेह राजनीति के रूप में दिखाई दें। राजनीति में किसी भी गठबंधन की वास्तविक शक्ति केवल उसके सांसदों की संख्या से नहीं, बल्कि उसके भीतर मौजूद विश्वास, संवाद और सामूहिक निर्णय क्षमता से मापी जाती है। यदि एनडीए इस संतुलन को बनाए रखने में सफल रहता है तो वह भविष्य की राजनीतिक चुनौतियों का सामना अधिक मजबूती से कर सकेगा। वहीं विपक्ष के लिए भी यह अवसर है कि वह केवल विरोध तक सीमित न रहे, बल्कि वैकल्पिक नीतियों और रचनात्मक राजनीति के माध्यम से लोकतंत्र को और सशक्त बनाए।

# गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, मलसा में पंजाबी महासभा के पदाधिकारियों का स्वागत

## समाज की एकजुटता व सेवा भाव को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तराखंड पंजाबी महासभा के जिला अध्यक्ष पंकज बंगा के गृह क्षेत्र स्थित ग्राम मलसा में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में उत्तराखंड पंजाबी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश डावर, प्रदेश महामंत्री राजकुमार फुटेला, कुमाऊं मंडल अध्यक्ष हरीश जल्होत्रा तथा जिला अध्यक्ष पंकज बंगा का गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों ने गुरुद्वारा साहिब में माथा टेककर गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरुद्वारा के ग्रंथी सिंह द्वारा सभी अतिथियों को गुरु जी की प्रतिमा एवं सरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पंजाबी समाज की एकता, सेवा, भाईचारे और सामाजिक सरोकारों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने समाज को संगठित कर नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपराओं और सेवा की भावना से जोड़ने का संकल्प लिया। साथ ही सभी ने पंजाबी महासभा को और अधिक मजबूत बनाने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग के सहयोग से सामाजिक, शैक्षिक एवं जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश डावर ने कहा कि पंजाबी समाज हमेशा सेवा, परोपकार और राष्ट्र निर्माण की भावना के साथ कार्य करता आया है। समाज ने हर कठिन समय में जरूरतमंदों की सहायता की है और आगे भी इसी भावना के साथ समाजहित के कार्य करता रहेगा। उन्होंने कहा कि महासभा का उद्देश्य समाज को एकजुट रखते हुए युवाओं को सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ना है। प्रदेश महामंत्री राजकुमार फुटेला ने कहा कि उत्तराखंड पंजाबी महासभा पूरे प्रदेश में समाज को संगठित करने का कार्य कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सेवा और युवा नेतृत्व को बढ़ावा देना संगठन की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने सभी से महासभा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कुमाऊं मंडल अध्यक्ष हरीश जल्होत्रा ने कहा कि तराई क्षेत्र में पंजाबी समाज ने विकास, व्यापार, कृषि, उद्योग, शिक्षा और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि समाज की पहचान केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं है, बल्कि सेवा, सद्भाव और भाईचारे की परंपरा भी इसकी सबसे बड़ी ताकत है।

जिला अध्यक्ष पंकज बंगा ने कहा कि पंजाबी समाज हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता रहा है और भविष्य में भी समाजहित के प्रत्येक कार्य में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से महासभा को और मजबूत बनाया जाएगा तथा समाज के युवाओं को संगठन से जोड़कर नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि तराई क्षेत्र को विभिन्न संस्कृतियों और समुदायों के संगम के रूप में जाना जाता है। इसमें पंजाबी समाज का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। कृषि, उद्योग, व्यापार, शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में पंजाबी समाज ने अपनी मेहनत और समर्पण से विशेष पहचान बनाई है। इसी कारण तराई को अनेक लोग मिनी पंजाब के नाम से भी जानते हैं, जहां सभी समुदाय आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मिलकर क्षेत्र के विकास में योगदान दे रहे हैं।

कार्यक्रम में सतवंत कमरा, कुलदीप सिंह, सुभाष खुराना, राकेश खुराना, रिंकू खुराना, लक्ष्मण दास बंगा, तीरथ दास मुंजाल, तिलक राज बंगा, भजन लाल बंगा, बैजनाथ छाबड़ा, सुंदरलाल खुराना, नवीन बंगा, ओमप्रकाश बंगा, रोशन लाल गंभीर, कमल चिल्हाना, विकास गंभीर, गुरविंदर सिंह, भारत बंगा, शंकी बंगा, राजेंद्र खुराना, राकेश बंगा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ऋषिराम शिक्षण संस्थान में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन, विद्यार्थियों के नवाचारों ने बटोरी सराहना

**उत्तरकाशी (पर्वत प्रेरणा ब्यूरो)।** ऋषिराम शिक्षण संस्थान, जोशियाड़ा परिसर में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, अनुसंधान की भावना और नवाचार के प्रति रुचि विकसित करना रहा। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार किए गए कार्यशील (वर्किंग) वैज्ञानिक मॉडल आकर्षण का केंद्र बने। उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और तकनीकी दक्षता की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंध तंत्र के अध्यक्ष पं. गणपति प्रसाद जगूड़ी रहे। उनके साथ विद्यालय के प्रबंधक डॉ. अरविंद जगूड़ी, वरिष्ठ सदस्य ओमप्रकाश भट्ट, प्राचार्य डॉ. एस.के. मिश्रा, जूनियर सेक्शन के प्रधानाचार्य प्रकाशमणि सेमवाल, विज्ञान प्रदर्शनी के संयोजक किशोर नौटियाल सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

इसके बाद अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार विज्ञान, पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा एवं जल संरक्षण, आधुनिक तकनीक तथा दैनिक जीवन की समस्याओं के समाधान पर आधारित विभिन्न मॉडलों का अवलोकन किया और उनकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली।

मुख्य अतिथि पं. गणपति प्रसाद जगूड़ी ने कहा कि विज्ञान केवल पुस्तकों तक सीमित विषय नहीं, बल्कि जीवन की समस्याओं का समाधान खोजने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से जिज्ञासु बने रहने, नए प्रयोग करने और वैज्ञानिक सोच को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही भविष्य के वैज्ञानिक, शोधकर्ता और राष्ट्रनिर्माता हैं।

विद्यालय के प्रबंधक डॉ. अरविंद जगूड़ी ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानकर उसे सही दिशा देना है। विज्ञान प्रदर्शनी जैसी गतिविधियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, तार्किक चिंतन और सृजनात्मकता का विकास करती हैं।

वरिष्ठ सदस्य ओमप्रकाश भट्ट ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदर्शनी में प्रस्तुत प्रत्येक मॉडल उनकी मेहनत, लगन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का परिचायक है। उन्होंने कहा कि उचित मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर विद्यार्थी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.के. मिश्रा ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता, अनुसंधान क्षमता और व्यावहारिक ज्ञान को विकसित करने का सशक्त मंच है। उन्होंने विश्वास जताया कि संस्थान भविष्य में भी ऐसी शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में विज्ञान प्रदर्शनी के संयोजक किशोर नौटियाल एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और प्रतिभागी विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को प्रेरणादायी एवं सफल बताया।

# पुलिस ने केन्द्रीय विद्यालय के शिक्षकों को दिया साइबर हाइजीन प्रशिक्षण

**उत्तरकाशी (पर्वत प्रेरणा ब्यूरो)** साइबर जागरूकता एवं डिजिटल सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में उत्तरकाशी पुलिस द्वारा समाज में जागरूकता एवं जनसहभागिता बढ़ाने के लिए लगातार अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में केन्द्रीय विद्यालय में विद्यालय प्रबन्धन की ओर से आयोजित साइबर हाइजीन कार्यक्रम में सहभागिता करते हुये साइबर सेल एवं कोतवाली उत्तरकाशी की संयुक्त टीम द्वारा विद्यालय के समस्त शिक्षकों को साइबर अपराधों से बचाव, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार तथा ऑनलाइन सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत प्रशिक्षण एवं जागरूकता प्रदान की गई।

कार्यक्रम में साइबर टीम ने बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में थोड़ी-सी सतर्कता और सही साइबर आदतें अपनाकर आर्थिक धोखाधड़ी, पहचान की चोरी डेटा चोरी तथा अन्य साइबर अपराधों से प्रभावी रूप से बचा जा सकता है। शिक्षकों को साइबर सुरक्षा के मूलभूत सिद्धांतों से अवगत कराते हुए सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार अपनाने के लिए व्यावहारिक सुझाव दिए गए। कार्यक्रम में साइबर की टीम द्वारा शिक्षकों के जिज्ञासु प्रश्नों का समाधान भी बताया गया। साइबर सुरक्षा उपायों मजबूत एवं जटिल पासवर्ड का उपयोग, जिसमें बड़े एवं छोटे अक्षर, अंक तथा विशेष चिन्ह शामिल हों, सभी महत्वपूर्ण ऑनलाइन खातों पर दो-कारक प्रमाणीकरण अनिवार्य रूप से सक्रिय रखने, मोबाइल फोन, कंप्यूटर, एप्लिकेशन एवं ऑपरेटिंग सिस्टम को नियमित रूप से अपडेट रखने, किसी भी अज्ञात लिंक, संदिग्ध ई-मेल, संदेश अथवा अटैचमेंट पर बिना सत्यापन क्लिक न करने, आवश्यक दस्तावेजों एवं महत्वपूर्ण डिजिटल फाइलों का नियमित रूप से सुरक्षित स्थान अथवा क्लाउड स्टोरेज पर बैकअप रखने आदि पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम के अंत में पुलिस टीम ने शिक्षकों से अपील की कि वे स्वयं साइबर सुरक्षा के उपायों का पालन करने के साथ-साथ विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं आस-पास के समाज को भी सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक करें, ताकि सामूहिक सहभागिता से साइबर अपराधों की रोकथाम को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। 卐साइबर सुरक्षा केवल तकनीक नहीं, बल्कि सजग नागरिक की जिम्मेदारी है।

**सम्पादकः सुरेश पाठक**

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी **सुरेश पाठक** द्वारा भीड़ापानी ओखलकांडा प्रिंटिंग प्रेस भोलानाथ गार्डन हल्द्वानी से मुद्रित तथा साईं कालोनी नियर साईं मन्दिर, बजूनिया हल्दू, पो. कठघरिया, हल्द्वानी नैनीताल, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। मो. 9927213408, 8279487735

**E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com**

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार दंपति गंभीर घायल, केस दर्ज

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार दंपति के गंभीर रूप से घायल होने के मामले में पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर डंपर चालक और मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि हादसे के बाद आरोपी पक्ष ने अस्पताल पहुंचकर राजीनामा करने और डंपर छुड़वाने का दबाव बनाया। साथ ही, बात नहीं मानने पर इलाज का खर्च नहीं उठाने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है।

सितारगंज के वार्ड नंबर-11 निवासी पुष्पा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 जून की दोपहर वह अपने पति रामप्रकाश के साथ बाइक से अपने पैतृक गांव पूरनपुर जा रही थीं। इसी दौरान अंबिका होटल के सामने पीछे से आए तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। आरोप है कि टक्कर के बाद डंपर उन्हें काफी दूर तक घसीटता हुआ ले गया।

हादसे में रामप्रकाश के दोनों पैर बुरी तरह कुचल गए, जबकि पुष्पा देवी को भी गंभीर चोटें आईं। राहगीरों की मदद से दोनों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुष्पा देवी के अनुसार, इलाज में व्यस्त होने के कारण वह तत्काल पुलिस को तहरीर नहीं दे सकीं। पीड़िता ने आरोप लगाया कि बाद में डंपर चालक और मालिक अस्पताल पहुंचे और उन पर राजीनामा करने तथा डंपर को छुड़वाने का दबाव बनाया। आरोप है कि बात नहीं मानने पर इलाज का खर्च नहीं उठाने की धमकी भी दी गई।

## दो युवकों पर लाठी-डंडों से हमला, मुकदमा दर्ज

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** ग्राम खुनसरा में दो युवकों के साथ रास्ता रोककर लाठी-डंडों से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने पांच नामजद समेत अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। हमले में एक युवक के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आने की बात सामने आई है।

ग्राम खुनसरा निवासी रमेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार दोपहर उनका पुत्र सन्नी यादव और भतीजा राजवीर यादव सितारगंज बाजार से वापस घर लौट रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान रास्ते में गांव के ही नत्थू, महेश पाल, अखिलेश, सुमित और सनी ने चार अन्य अज्ञात लोगों के साथ मिलकर दोनों युवकों का रास्ता रोक लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

आरोप है कि मारपीट के दौरान एक युवक के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। पीड़ित पक्ष ने आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है।

रमेश कुमार की शनिवार को दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच नामजद और चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## साइबर ठगी के शिकार व्यक्ति को उत्तरकाशी पुलिस ने दिलाई 7.40 लाख की धनराशि वापस

**उत्तरकाशी ( पर्वत प्रेरणा ब्यूरो )** साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं पीड़ितों की शिकायत पर त्वरित एक्शन हेतु पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में उत्तरकाशी पुलिस लगातार सक्रिय एवं प्रभावी कार्रवाई कर रही है। जून 2026 में नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से उत्तरकाशी पुलिस को 7,40,000/- की साइबर वित्तीय धोखाधड़ी संबंधी शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत प्राप्त होते ही कोतवाली उत्तरकाशी एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये संबंधित बैंक, संदिग्ध मोबाइल नंबरों एवं अन्य तकनीकी माध्यमों से प्राप्त इनपुट का गहन विश्लेषण करते हुए त्वरित समन्वय स्थापित किया। लगातार प्रभावी प्रयासों के परिणामस्वरूप साइबर धोखाधड़ी में गई 7,40,000/- (सात लाख चालीस हजार रुपये) की सम्पूर्ण धनराशि शिकायतकर्ता को सफलतापूर्वक वापस करवायी गई। पूरी राशि वापस मिलने पर शिकायतकर्ता द्वारा उत्तरकाशी पुलिस एवं साइबर सेल की त्वरित, संवेदनशील एवं प्रभावी कार्यवाही की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

# भारत चीन व्यापार हुआ शुरू, पहला व्यापारिक दल तकलाकोट पहुंचा

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जनपद पिथौरागढ़ के धारचूला स्थित ऐतिहासिक लिपूलेख दर्रे के माध्यम से वर्ष 2026 के भारत-चीन सीमा व्यापार का शनिवार को विधिवत शुभारंभ हो गया। व्यापार प्रारंभ होने के साथ ही 16 व्यापारी एवं 4 हेल्पर लिपूलेख दर्रे से सीमा पार करके तिब्बत की तकलाकोट मंडी पहुंचे। जहां आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरांत व्यापारिक गतिविधियों का शुभारंभ किया गया। उपजिलाधिकारी धारचूला आशीष जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि 31 जुलाई की सायं लगभग 5 बजे भारत- तिब्बत व्यापार संघ के अध्यक्ष जीवन सिंह रौकली के नेतृत्व में 16 पंजीकृत व्यापारी एवं 4 हेल्परों सहित कुल 20 सदस्यों ने गुंजी स्थित इमीग्रेशन कार्यालय में निर्धारित आव्रजन प्रक्रिया पूर्ण की । इसके उपरांत सभी दल के सदस्यों ने नाबीढांग में रात्रि विश्राम किया। उन्होंने बताया कि शनिवार




सुबह लगभग सवा 10 बजे लिपूलेख दर्रे पर चीन के अधिकारियों द्वारा सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण किए जाने के बाद भारतीय व्यापारियों ने तिब्बत की सीमा में प्रवेश किया तथा तकलाकोट मंडी पहुंचकर व्यापारिक गतिविधियों का शुभारंभ किया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि चीन प्रशासन के निर्देशानुसार प्रथम चरण में केवल पूर्व से पंजीकृत एवं पूर्व में व्यापार कर चुके व्यापारियों को ही प्रवेश की अनुमति प्रदान की गई है।

इस कारण वर्तमान दल भारत से कोई नई व्यापारिक सामग्री लेकर नहीं गया है। व्यापारी तकलाकोट में पूर्व से उपलब्ध अपनी व्यापारिक सामग्री एवं उससे संबंधित आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए व्यापार का संचालन करेंगे। उन्होंने बताया कि आगामी व्यापारिक दलों के चीन प्रस्थान की तिथियों के निर्धारण के संबंध में चीनी प्रशासन के साथ ई- मेल के माध्यम से नियमित समन्वय एवं पत्राचार किया जा रहा है। जैसे ही अगले बैचों के लिए अनुमति एवं तिथियां प्राप्त होंगी, अन्य पंजीकृत व्यापारियों को भी चरणबद्ध तरीके से तकलाकोट मंडी भेजा जाएगा।

भारत- चीन सीमा व्यापार के दोबारा प्रारंभ होने से सीमांत क्षेत्र की पारंपरिक व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। इसके साथ ही स्थानीय व्यापारियों, सीमावर्ती क्षेत्रों की आजीविका तथा क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी इससे महत्वपूर्ण लाभ मिलने की उम्मीद है। यह व्यापार दोनों देशों के बीच वर्षों से चली आ रही पारंपरिक सीमा व्यापार व्यवस्था को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## हर घर, ऑफिस, प्रतिष्ठान में फहराया जाएगा तिरंगा

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे हर घर तिरंगा- 2026 अभियान को व्यापक जनसहभागिता के साथ सफल बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी विभागों, स्थानीय निकायों, शैक्षणिक संस्थानों एवं संबंधित अधिकारियों से अभियान के अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि 9 अगस्त से 17 अगस्त 2026 तक संचालित होने वाले इस राष्ट्रीय अभियान के दौरान अधिकाधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए तथा प्रत्येक घर, कार्यालय एवं प्रतिष्ठान पर राष्ट्रीय ध्वज सम्मानपूर्वक फहराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान के दौरान राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान एवं भारतीय ध्वज संहिता का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में तिरंगा रैली, तिरंगा साइकिल एवं बाइक रैली, देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम, तिरंगा प्रदर्शनी, रंगोली प्रतियोगिताएं, सार्वजनिक एवं शासकीय भवनों की तिरंगा थीम पर सजावट तथा विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विविध जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इसके साथ ही बाजारों, प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, बस अड्डों, अस्पतालों एवं अन्य



महत्वपूर्ण स्थानों पर अभियान का व्यापक प्रचार- प्रसार किया जाए।

जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि अभियान के दौरान आयोजित प्रत्येक गतिविधि में जन प्रतिनिधियों, युवाओं, स्वयंसेवी संगठनों, महिला समूहों तथा आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल राष्ट्रीय ध्वज फहराना नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक में राष्ट्र भक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं गौरव की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के प्रत्येक कार्यक्रम का समुचित दस्तावेजीकरण किया जाए तथा अधिकाधिक नागरिकों को हर घर तिरंगा अभियान से जोड़ने के लिए व्यापक जन जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएं। उन्होंने सभी अधिकारियों से समयबद्ध, समन्वित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

## जनपद स्तरीय ट्रायल में 181 बालक बालिकाओं ने किया प्रतिभाग

**उत्तरकाशी ( पर्वत प्रेरणा ब्यूरो )** मुख्यमंत्री खिलाड़ी उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना अंतर्गत राज्य के 8 वर्ष से 14 वर्ष के उदीयमान खिलाड़ियों को प्रति जनपद से 150-150 बालक बालिकाओं को रुपए हैं ड़1500 प्रतिमा छात्रवृत्ति दी जानी है शनिवार को जनपद स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम मनेरा में किया गया 10 से 11 एवं 11 से 12 वर्ष में संपन्न कराई गई जिसका विवरण इस प्रकार है। आयु 10 से 11 बालक 45 बालिकाओं 40 आयु वर्ष 11 से 12, 48 बालक और 48 कुल 181 बालक बालिकाओं ने प्रतिभा किया।

## युवाओं को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे कुछ राजनीतिक दल :धामी

**पर्वत प्रेरणा ब्यूरो**

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक दल युवाओं और समाज को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि संसद के बाहर संतों का वेश धारण कर किए गए प्रदर्शन से संत समाज की गरिमा को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा के अनुरूप नहीं हैं। धामी ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है और यहां की जनता संतों, धार्मिक परंपराओं तथा आध्यात्मिक मूल्यों का सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सनातन संस्कृति, आध्यात्मिक विरासत और धार्मिक स्थलों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से सकारात्मक सोच के साथ राज्य और देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि उन्हें भ्रामक प्रचार से बचकर राष्ट्र निर्माण में अपनी ऊर्जा लगानी चाहिए।

## दुकान में घुसकर मारपीट और जानलेवा हमले के आरोप में चार पर मुकदमा दर्ज

**नानकमत्ता।** गुरुद्वारा रोड स्थित एक दुकान में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने चार नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रतापपुर-3 निवासी करनवीर सिंह पुत्र कुलदीप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार देर रात वह गुरुद्वारा रोड स्थित अपनी दुकान पर था। आरोप है कि इसी दौरान चार लोग जबरन दुकान में घुस आए और उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट की। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने ग्राम धुसरी निवासी मनजीत सिंह पुत्र सुरजीत सिंह, सुंदरनगर निवासी करमजीत सिंह उर्फ करमा पुत्र अमरीक सिंह, ग्राम ड्यूढ़ी निवासी सुखदेव सिंह पुत्र काला सिंह और ग्राम धुसरा निवासी बलजीत सिंह पुत्र सुरजीत सिंह के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## दीपिका ने जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

**पिथौरागढ़।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री दीपिका बोहरा ग्राम सभा सटगल के ग्रामीण जनों के साथ जिला अधिकारी कार्यालय, पिथौरागढ़ पहुँचीं तथा कुमैय्याचोड़ सटगल मोटर मार्ग के शीघ्र निर्माण के संबंध में जिलाधिकारी महोदय से विस्तृत वार्ता की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिलाधिकारी महोदय ने तत्काल प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पी एम जी एस वाई) के अधिकारियों से दूरभाष पर जानकारी प्राप्त की तथा सड़क निर्माण कार्य एवं आवश्यक कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस सड़क के बनने से लगभग 250 परिवार लाभान्वित होंगे। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य बिरेंद्र बोहरा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शंकर राम, कैप्टन मंगल प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, कुंडल सिंह, पंकज, भगवान सिंह, हयात, हेमंत, जीवन राम, हेमंत लाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यालय में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग पर कांग्रेसी आक्रोशित

## लोग आपदा से त्रस्त, भाजपाई अपने कार्यालय की सफाई कराने में मस्त : फर्सवाण



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**बागेश्वर।** 28 और 29 जुलाई की हुई भारी बारिश के बादजिला मुख्यालय के मंडलसेरा क्षेत्र में स्थानीय वाशिंदों के घरों में सड़क के नाले का पानी घुसने के बाद जहां स्थानीय लोग परेशान रहे वही शोशल मीडिया में भाजपा कार्यालय की सफाई चाकचौबंद करने हेतु फायर ब्रिगेड और जल संस्थान के वाहनों के उपयोग को लेकर शोशल मीडिया और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने भाजपा को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। जिसमे अब विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस के पूर्व विधायक ललित फर्सवाण ने सबसे पहले वीडियो के आधार पर सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग और जनता को आपदा के समय समय से राहत कार्य की व्यवस्था नही देने वही कार्यालय के समीप ही नीचे की तरफ सड़क किनारे रहने वाले लोगों के घरों में बरसाती नाले का पानी घुसने के बाद पहले भाजपा कार्यालय की सफाई करने को लेकर सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करने के आरोप लगाए थे।

वही कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। ज्ञापन में कहा गया कि भारी बारिश के दौरान मंडलसेरा समेत कई क्षेत्रों में लोगों के घरों में पानी और कीचड़ भर गया था। प्रभावित लोगों ने जेसीबी और राहत कार्य की मांग की, लेकिन प्रशासन ने भाजपा कार्यालय की सफाई को पहले तवज्जो देकर जनहित के बजाय सत्तारूढ़ भाजपा नेताओ को खुश करने हेतु अधिकारियों द्वारा अपने पद का दुरुपयोग कर पहले भाजपा कार्यालय में सफाई व्यवस्था करने को असंवैधानिक बताया। कहा कि कैसे सरकारी मशीनरी का दुरूप्योग किया गया, क्यों पहले क्षेत्रीय वाशिदो के घरों में घुस रहे बरसाती नाले के पानी को रोकने के लिए फायर कर्मियों और जल संस्थान के टैंकरों को लगाया गया।

कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि फायर विभाग का दायित्व आग बुझाने और आपदा राहत कार्यों तक सीमित है, न कि किसी राजनीतिक दल के कार्यालय की सफाई करना।उन्होंने कहा कि सरकारी संसाधनों का उपयोग निष्पक्ष और जनहित में होना चाहिए तथा पूरे मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। कांग्रेसी नेताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया। जिसके बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जांच कर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान पूर्व विधायक ललित फर्सवाण, पूर्व जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला, बालकृष्ण बालम टम्टा, कुंदन गोस्वामी, किशन गिरी, रमेश हरड़िया सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वही मामले में जिलाधिकारी अपूर्वा पांडे ने कहा कि जिलाप्रशासन आपदा के दौरान पूरी मुश्तैदी से तत्काल प्रभावित क्षेत्र में पहुंचकर आपदा राहत में जुटा है।उन्होंने जनहित में समानता के आधार पर सभी के हितों के लिए कार्य1करना जिलाप्रशासन की जिम्मेदारी बताया। साथ ही किसी भी स्तर पर कोताही की शिकायत मिलने पर जांच कर सम्बन्धित के खिलाफ लापरवाही बरते जाने पर कार्रवाई किए जाने की बात कही।

# आठ वर्षों से सऊदी अरब में फंसे इंद्रमणि नौटियाल के परिवार की मदद को आगे आया व्यापार मंडल लंबगांव

**पर्वत प्रेरणा ब्यूरो**

**टिहरी/लंबगांव (सुरेंद्र प्रसाद भट्ट)।** सीमांत जनपद उत्तरकाशी के



विकासखंड डुंडा के गोरसाड़ा गांव निवासी इंद्रमणि नौटियाल, जो पिछले आठ वर्षों से सऊदी अरब में कानूनी प्रक्रिया के चलते फंसे हुए हैं, उनके परिवार की सहायता के लिए व्यापार मंडल लंबगांव ने सराहनीय पहल की है। शनिवार को व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने इंद्रमणि नौटियाल के घर पहुंचकर उनके परिजनों को 35,862 रुपये की नगद आर्थिक सहायता प्रदान की। इस दौरान व्यापार मंडल ने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी वह पीड़ित परिवार के साथ हरसंभव सहयोग के लिए खड़ा रहेगा। बताया गया कि इंद्रमणि नौटियाल आठ वर्ष पूर्व रोजगार के सिलसिले में सऊदी अरब गए थे, जहां वह ट्रक चालक के रूप में कार्यरत थे। इसी दौरान उनका ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पांच लोगों की मृत्यु हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। वाहन का बीमा नहीं होने के कारण मामला न्यायालय पहुंचा। न्यायालय के आदेश के अनुसार उनकी रिहाई के लिए लगभग 9 लाख सऊदी रियाल की राशि जमा करनी होगी। आर्थिक संसाधनों के अभाव में वह पिछले आठ वर्षों से वहीं फंसे हुए हैं, जबकि उनका परिवार गंभीर आर्थिक और मानसिक संकट से गुजर रहा है। हाल ही में उनकी पुत्री दीपिका नौटियाल ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपने पिता की रिहाई के लिए आर्थिक सहायता की अपील की थी। इस अपील के बाद व्यापार मंडल लंबगांव ने बाजार में सहयोग राशि एकत्र कर परिवार को सहायता प्रदान की। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने राज्य सरकार, सामाजिक संगठनों और समाज के सक्षम लोगों से भी पीडि़त परिवार की मदद के लिए आगे आने की अपील की। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव पंवार, पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष युद्धवीर राणा, पूर्व अध्यक्ष केशव रावत, पूर्व कनिष्ठ प्रमुख अर्जुन बिष्ट, व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष अमन राणा, उपाध्यक्ष कविराज बगियाल, मनोज पंवार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## दो शटलरों ने जीता स्वर्ण पदक

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** उड़ीसा के भुवनेश्वर में 25 जुलाई से 1 अगस्त 2026 तक



आयोजित योनेक्स सनराईज ऑल इंडिया जूनियल अंडर 19 रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट 2026 में पिथौरागढ़ के दो उभरते हुए शटलरों निश्चल चंद और एंजेल पुनेड़ा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर उत्तराखंड और जनपद पिथौरागढ़ का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। निश्चल चंद ने बालक एकल वर्ग में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि एंजेल पुनेड़ा ने बालिका युगल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। दोनों खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ उनका चयन अक्टूबर 2026 में काहिरा (मिस्र) में आयोजित होने वाली वर्ल्ड जूनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2026 के लिए भी हो गया है। यह पिथौरागढ़ एवं उत्तराखंड के लिए अत्यंत गर्व और गौरव का विषय है। इस शानदार उपलब्धि पर जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप बिष्ट, उप क्रीड़ा अधिकारी/ बैडमिंटन कोच अरुण बनग्याल, बैडमिंटन कोच भूपेश बिष्ट एवं दीपांक वर्मा, बैडमिंटन संघ पिथौरागढ़ के संरक्षक स्वामी वीरेंद्रानंद, जी.एस. बुदियाल, अध्यक्ष भूपेश पंत, सचिव शंकर खर्कवाल तथा जनपद के खेल प्रेमियों एवं गणमान्य नागरिकों ने दोनों खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि निश्चल चंद और एंजेल पुनेड़ा विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश, उत्तराखंड और पिथौरागढ़ का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे।

# थारू जनजाति संवाद कार्यक्रम में सीएम धामी ने सुनीं समस्याएं

## विकास और सांस्कृतिक संरक्षण को बताया सरकार की प्राथमिकता



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खटीमा में आयोजित थारू जनजाति संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने बीएसएफ के एवरेस्ट विजेता मोहन सिंह राणा तथा आईटीबीपी के एवरेस्ट विजेता टीला सेन को सम्मानित करते हुए कहा कि दोनों ने न केवल उत्तराखंड बल्कि पूरे देश का नाम गौरवान्वित किया है।

थारू समाज के प्रतिनिधियों ने उत्तराखंड में केंद्र सरकार की तर्ज पर पृथक जनजातीय कार्य मंत्रालय गठित करने तथा खटीमा में उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग सेंटर स्थापित करने का सुझाव दिया। शिक्षा के विषय पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत सुविधाओं से जोड़कर उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जाए। उन्होंने कहा कि इसी दिशा में कार्य करते हुए जहां एक ओर अटल आवास योजना में हमने आय सीमा को व्यावहारिक बनाया है, वहीं घर निर्माण की लागत में भी बढ़ोतरी की है, ताकि अधिक से अधिक परिवारों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने उधम सिंह नगर में ही इस योजना के तहत लगभग 3 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता प्रदान की है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में भी बड़ी संख्या में जनजातीय परिवारों को लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत घर पाने के लिए इस वर्ष जो आवेदन आए हैं, उनमें लगभग 28 प्रतिशत आवेदन जनजातीय परिवारों के हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत इस जनपद में पहले चरण में 824 और दूसरे चरण में 101 घरों का निर्माण किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में भी हमारी सरकार जनजातीय समाज को सशक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि जनजाति कल्याण विभाग के माध्यम से आश्रम पद्धति विद्यालयों, छात्रावासों और आईटीआई संस्थानों के विकास के लिए करोड़ों रुपये की धनराशि दी गई है, जिससे बच्चों को और बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि इन आश्रम पद्धति विद्यालयों को कक्षा 12 तक अपग्रेड करने का काम भी किया जा रहा है। इसके अलावा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के माध्यम से भी जनजातीय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमने खटीमा में बालिका छात्रावास के लिए 4 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं।

वहीं, थारू राजकीय इंटर कॉलेज में 2 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से खेल मैदान का सौंदर्यीकरण, ऑडिटोरियम का आधुनिकीकरण और भवन की मरम्मत का कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जनजातीय समाज की माताओं और बहनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। आज राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से उन्हें रोजगार, प्रशिक्षण और आत्मनिर्भरता के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। साथ ही वन धन केंद्रों के माध्यम से तैयार उत्पादों को बाजार से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने का कार्य भी किया जा रहा है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा, अध्यक्ष थारू राणा परिषद दान सिंह राणा, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र राणा आदि मौजूद थे।

## एसओजी ने साढ़े 6 ग्राम हेरोइन के साथ दबोचा तस्कर

**पिथौरागढ़।** जनपद में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एसओजी पिथौरागढ़ लगातार प्रभावी कार्यवाही कर रही है। दिनांक 1 अगस्त 2026 को प्रभारी निरीक्षक एसओजी नीरज भाकुनी के नेतृत्व में एसओजी टीम को थाना जाजरदेवल के वड्डा क्षेत्र में सघन चेकिंग एवं गश्त के दौरान एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। टीम ने संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए एक व्यक्ति को 6.60 ग्राम (पन्नी सहित) हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त फकरूद्दीन निवासी लौकाही, थाना मोतीपुर, जनपद बहराइच (उत्तर प्रदेश) उम्र 51 वर्ष के विरुद्ध थाना जाजरदेवल में धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की गई है। पुलिस द्वारा अभियुक्त से पूछताछ कर नशे के स्रोत एवं उससे जुड़े अन्य व्यक्तियों के संबंध में गहन जांच की जा रही है। नशा तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आने पर उनके विरुद्ध भी कठोर वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि नशामुक्त समाज के निर्माण में पुलिस का सहयोग करें। यदि आपके आसपास चरस, स्मैक, हेरोइन अथवा अन्य किसी भी प्रकार के नशे से संबंधित गतिविधियां संचालित हो रही हों तो तत्काल मानस हेल्पलाइन- 1933 अथवा पुलिस को सूचना दें। आपकी पहचान पूरी तरह से गोपनीय रखी जाएगी। कार्रवाई करने वाली एसओजी टीम में उपनिरीक्षक मनोज कुमार, अपर उपनिरीक्षक दीपक खनका, कांस्टेबल सतेन्द्र सुयाल, कांस्टेबल सोनू कार्की शामिल थे।

# रुद्रपुर के विकास मे जुड़ी एक ओर ऐतिहासिक सौगात

## 391.69 करोड़ के मास्टर ड्रेनेज प्लान का टेंडर जारी, जलभराव की समस्या का होगा स्थायी समाधान

पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर शहर को जलभराव की समस्या से स्थायी निजात दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 391.69 करोड़ की लागत वाले मास्टर ड्रेनेज प्लान का टेंडर सिंचाई विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए इसे रुद्रपुर के सुनियोजित विकास की दिशा में मील का पत्थर बताया।

विधायक शिव अरोरा ने कहा कि रुद्रपुर लंबे समय से बरसात के दौरान जलभराव की गंभीर समस्या से जूझता रहा है। जनप्रतिनिधि बनने के बाद उन्होंने इस मुद्दे को प्राथमिकता के साथ प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री धामी के समक्ष उठाया, औरउ नके प्रयास पर मास्टर ड्रेनेज प्लान मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल हुआ वही इसकी कार्य प्रगति को लेकर विधायक ने विधानसभा मे प्रशन उठाने से लेकर लगातार विभागीय मंत्री, सचिव तक पत्राचार किया । उन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि आज बहुप्रतीक्षित मास्टर ड्रेनेज प्लान धरातल पर उतरने की दिशा में आगे बढ़ चुका है।



उन्होंने कहा कि 391.69 करोड़ की यह महत्वाकांक्षी परियोजना शहर की जल निकासी व्यवस्था को आधुनिक एवं वैज्ञानिक स्वरूप प्रदान करेगी। योजना पूर्ण होने के बाद बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या का प्रभावी समाधान होगा, जिससे लाखों नागरिकों, व्यापारियों एवं उद्योगों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही रुद्रपुर के शहरी विकास को भी नई गति प्राप्त होगी ओर बस्तियों मे जलभराव की समस्या से मुक्ति मिलेगी जिससे रुद्रपुर क्षेत्र मे निचले क्षेत्रों मे जल भराव के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो जाता था।विधायक शिव अरोरा ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य कर रही है। रुद्रपुर में भी सड़क, पेयजल, ड्रेनेज एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार योजनाओं को स्वीकृति मिल रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मास्टर ड्रेनेज प्लान के पूर्ण होने के बाद रुद्रपुर उत्तराखंड के सबसे बेहतर नियोजित शहरों में शामिल होगा।

उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व इस योजना मे लगे सिंचाई विभाग एवं सभी संबंधित अधिकारियों व नगर निगम रुद्रपुर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि रुद्रपुर की जनता को समर्पित है और आने वाले समय में शहर विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

विधायक बोले इस योजना को लेकर उन्होंने लम्बे समय से प्रयास किये आखिरकार ईमानदारी से किए गए प्रयास अब धरातल पर सार्थक होते नजर आ रहे हैं निश्चित रूप से मास्टर ड्रेनेज प्लान जो एक सपने जैसा लगता था उसको हमने संकल्प लेकर हमारी सरकार ओर यहां के विधायक ने धरातल पर उतरने के लिए का कार्य किया है।

उन्होंने कहा सिंचाई विभाग द्वारा इसके टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होते ही आने वाले कुछ ही समय में हम इसके निर्माण कार्य को जल्दी शुरू करेंगे।

# जमीन पर अवैध रूप से भूमाफियाओं का कब्जा नही हटाए जाने से पूर्व सैनिक नाराज

## कल से जिलाधिकारी कार्यालय में आमरण अनशन करने की चेतावनी

### बागेश्वर संघर्ष वाहिनी अध्यक्ष ने भी आन्दोलन को समर्थन देने की दी चेतावनी

पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**बागेश्वर।** अपनी पुश्तैनी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा होने की शिकायत पर जिला प्रशासन और सी एम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराने के बाद अब तक सहयोग नही मिलने से नाराज कांडा तहसील क्षेत्र के मजगांव भैंतोला निवासी पूर्वसैनिक महिपाल सिंह रावत ने अपने परिवार के साथ अब जिलाधिकारी कार्यालय में आमरण अनशन करने की चेतावनी दी है।

उन्होने कहा कि 26 सालो तक देश सेवा कर सेवानिवृत होने के बाद घर लौटने के बाद अपनी ही जमीन का



कब्जा लेने को लेकर एक महीने से बागेश्वर जिला प्रशासन और स ी ए म हेल्पलाइन में शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नही होने पर बार बार अधिकारियो के कार्यालय के धक्के खाने को मजबूर होने और जिला प्रशासन और राजस्व विभाग द्वारा उचित सहयोग नही मिलने पर नाराजगी जताते हुए अब तीन अगस्त से परिवार संग जिलाधिकारी कार्यालय में आमरण अनशन करने की चेतावनी दी है। बताया कि राजस्व विभाग द्वारा उनकी जमीन को राज्य सरकार की भूमि बताया गया, जबकि उनकी भूमि में किसी के द्वारा जबरन भूमि पर कार्य कराया जा रहा है।

उन्होंने अपने दो भाइयों की जमीन होने का दावा करते हुए भूस्वामित्व प्रदान कराए जाने की मांग कर तत्काल किए जा रहे कब्जेदार से उक्त भूमि का कब्जा हटाए जाने की मांग की।साथ ही जल्द मामले का समाधान नही करने पर अंतिम क्षण तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है। वही सँघर्ष वाहिनी जिलाध्यक्ष कवि जोशी ने भी उनकी मांग का समर्थन करते हुए आंदोलन को समर्थन देने का आश्वासन दिया है।

# आयुर्वेद विभाग ने कपकोट डिग्री कॉलेज में लगाया चिकित्सा शिविर

**कपकोट।** स्व. चंद्र सिंह शाही राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, असों (कपकोट) में शुक्रवार को एक दिवसीय आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया ने कहा कि आयुर्वेद केवल प्राचीन चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और प्राकृतिक जीवनशैली का आधार है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर दूरस्थ क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के साथ-साथ लोगों को आयुर्वेद के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. निष्ठा शर्मा ने विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि भविष्य में भी इस तरह के शिविर आयोजित किए जाएंगे।नगर पंचायत अध्यक्ष गीता ऐठानी ने लोगों से शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मधुलिका




पाठक, मंडल अध्यक्ष हरीश कोरंगा, भुवन गड़िया, मनोहर राम, हरीश मेहरा, महेश दानू, डॉ. निर्मित शाह, छात्रसंघ अध्यक्ष मुकुल शाही, गंगा गिरि गोस्वामी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डॉ. एंजल पटेल ने किया। मुख्य अतिथियों ने विशेषज्ञ आयुर्वेद चिकित्सा स्टॉल का निरीक्षण किया। नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों पंचकर्म,क्षारसूत्र, शल्य, मर्म ,बाल रोग, महिला रोग ,लाइड स्टाइल द्वारा 207 मरीजों का नि:शुल्क परीक्षण व परामर्श रक्त परीक्षण एवं निशुल्क औषधि वितरण किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम में डॉ.बिपीन चन्द्रा , डॉ.दीपक बिजलवान, डॉ. पंकज मिश्रा, डॉ. संजय आगरी, डॉ. गीतांजलि, डॉ. आरती सेमवाल, डॉ. बलराज टम्टा, एवं फार्मेसी अधिकारी नीलम खत्री, धर्मेंद्र प्रसाद, मदन रावत पंचकर्म सहायक संजय, निखिलेश योग अनुदेशक दिनेश राम, हेमा बिष्ट भगवान नगरकोटी मनोज चंदोला ,केवलानंद, सुरेश मो नाजिम खीम गिरी ने सहयोग प्रदान किया। संचालन डॉ शालिनी पाठक, डॉ निर्मित साह जी के द्वारा किया गया।

# निर्वाचित उपप्रधानों को 3 अगस्त को दिलाई जाएगी शपथ

पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**पिथौरागढ़।** जनपद पिथौरागढ़ में हाल ही में संपन्न उप- प्रधान चुनावों के उपरांत निर्वाचित उप- प्रधानों को आगामी 3 अगस्त, 2026 को विधिवत शपथ दिलाई जाएगी। इस संबंध में जिलाधिकारी पिथौरागढ़ आशीष कुमार भटगांई ने जनपद के समस्त खंड विकास अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार शासन की अधिसूचना तथा राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखंड के निर्देशों के क्रम में उप- प्रधानों के निर्वाचन परिणाम घोषित होने के उपरांत अब शपथ ग्रहण की कार्रवाई उत्तराखंड पंचायतीराज अधिनियम, 2016 एवं संगत सेवा नियमावली, 1994 के प्रावधानों के अनुरूप संपन्न कराई जाएगी। निर्देशों में कहा गया है कि सभी संबंधित खंड विकास अधिकारी अपने- अपने विकास खंडों में निर्वाचित उप- प्रधानों को 3 अगस्त, 2026 को नियमानुसार शपथ दिलाना सुनिश्चित करें। साथ ही शपथ ग्रहण कार्यक्रम की सूचना एवं आवश्यक विवरण जिला पंचायत राज अधिकारी, पिथौरागढ़ तथा जिलाधिकारी कार्यालय को समय से उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शपथ ग्रहण की समस्त प्रक्रिया निर्धारित नियमों एवं समयबद्धता के साथ संपन्न कराई जाए, जिससे पंचायतों का गठन शीघ्र पूर्ण हो सके तथा पंचायत स्तर पर विकास कार्यों का संचालन प्रभावी ढंग से प्रारंभ हो सके।

# धार्मिक अनुष्ठान के शुभारंभ पर निकाली कलश यात्रा

पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**रुद्रपुर।** वार्ड नंबर 32 स्थित दुर्गा कॉलोनी में धार्मिक अनुष्ठान के शुभारंभ पर



भव्य कलश यात्रा निकाली गई। बैंड बाजों और जयकारों के बीच निकली कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी कलश यात्रा में शामिल होकर श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर राजकुमार ठुकराल ने कहा कि धार्मिक आयोजन हमारी सनातन संस्कृति और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं। ऐसे आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक चेतना, आपसी भाईचारा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। कलश यात्रा विभिन्न मार्गों से होकर निकली, जहां श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ भागीदारी की और पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर पीताम्बर त्रिपाठी, तरुण दत्त, राजाराम यादव, उमेश कुमार सिंह, सुरेंद्र बेलवाल, पुनीत गांधी, रवि मिश्रा, कुलदीप कुमार दीक्षित, विद्याराम सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने किया लोहारी-सिल्लीबंड-कन्स्यारी मोटरमार्ग का स्थलीय निरीक्षण

**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** जिलाधिकारी अपूर्वा पांडे ने शनिवार को लोहारी-सिल्लीबंड-कन्स्यारी मोटरमार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर सड़क और क्षतिग्रस्त वेंटेड



कॉजवे की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कुमरौड़ा के पास क्षतिग्रस्त कॉजवे की मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्य को जनहित में प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र कराने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए। डीएम ने लोनीवि अधिकारी को1कहा कि सड़कें विकास की नींव है, सड़को का1निर्माण गुणवत्तापूर्ण हो, समय से निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाएं, तथा लगातार सड़को के निर्माण कार्य की मोनिटरिंग सम्बन्धित अवर अभियंता द्वारा निर्माण कार्य की प्रगति आख्या रिपोर्ट ली जाए1साथ ही अधिशासी अभियंता स्वयं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का निरीक्षण कर समयबद्धता से लोगों को सुगम यातायात की व्यवस्था प्रदान करे।जिलाधिकारी ने सहायक अभियंता को तीन दिन के भीतर मरम्मत कार्य शुरू कर एक माह के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित जूनियर इंजीनियर को कार्य प्रारंभ होने के बाद प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट जीपीएस फोटो के साथ उपलब्ध कराने और क्षतिग्रस्त स्थल पर तत्काल चेतावनी एवं सूचना संबंधी साइनबोर्ड लगाने के निर्देश दिए, ताकि आवागमन सुरक्षित बना रहे।निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता गोविंद नाथ ने बताया कि मोटरमार्ग के प्रथम चरण का कार्य वर्ष 2024 में पूरा हो चुका है। द्वितीय चरण के निर्माण कार्य का आगणन तैयार कर शासन को स्वीकृति के लिए भेज दिया गया है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी गरुड़ वैभव कंडपाल समेत लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक विजयपाल ने सुनीं ग्रामीणों समस्याएं

**उत्तरकाशी (पर्वत प्रेरणा संवाददाता)।** गंगोत्री विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण ने जनसंपर्क एवं भ्रमण कार्यक्रम के तहत गाजणा क्षेत्र के ठाण्डी, कमद, कुमारकोट, सौड़, लोदाड़ा, धोन्त्री एवं गोरषाड़ा गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न परिवारों में हुई असामयिक घटनाओं पर शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की और अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। भ्रमण के दौरान सजवाण ने क्षेत्रवासियों से संवाद कर स्थानीय समस्याओं, विकास कार्यों और जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जनता से निरंतर संवाद ही जनप्रतिनिधि की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है और क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक की अपेक्षाओं एवं समस्याओं के समाधान के लिए वह हमेशा प्रतिबद्ध रहेंगे। पूर्व विधायक ने कहा कि गाजणा क्षेत्र हमेशा उनकी प्राथमिकताओं में रहा है। उन्होंने बताया कि विधायक रहते हुए क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए उपतहसील की स्थापना कराई गई, जिससे आज हजारों लोगों को लाभ मिल रहा है।



# डीएम ने जिला चिकित्सालय से रोडवेज व वाइन शॉप का किया व्यापक निरीक्षण

## सड़क, पेयजल, पार्किंग व सफाई व्यवस्था शीघ्र दुरुस्त किये जाने के दिए निर्देश



**चंपावत।** जनपद में आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार ने जिला चिकित्सालय से रोडवेज स्टेशन तक राष्ट्रीय राजमार्ग, निर्माणाधीन पार्किंग स्थलों, पेयजल पाइपलाइन, नालियों, सिटी सेंटर तथा सफाई व्यवस्था का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त की तथा सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर जगह-जगह बने गड्ढों को तत्काल भरने, ब्लैकटॉप कराने तथा सड़क किनारे जल निकासी व्यवस्था को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान सड़क पर लगातार बह रहे पानी से सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं, इसलिए इसके स्थायी समाधान के लिए तत्काल कार्यवाही की जाए, जिससे आमजन को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन मिल सके।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जल संस्थान के अधिकारियों को क्षतिग्रस्त पेयजल पाइपलाइन की शीघ्र मरम्मत करने के निर्देश देते हुए कहा कि रिसाव के कारण पेयजल की बर्बादी के साथ-साथ सड़कें भी प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने कार्यदायी संस्था सीएनडीएस को निर्माणाधीन पार्किंग कार्यों में तेजी लाने तथा ग्रामीण निर्माण विभाग (आरडब्ल्यूडी) को जिला चिकित्सालय परिसर में निर्माणाधीन पार्किंग का कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने नगर पालिका को नालियों की नियमित सफाई, झाड़ियों की कटाई, सड़क किनारे पड़े मलबे एवं कंक्रीट को हटाने तथा अतिक्रमण के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि शहर की स्वच्छता एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित निगरानी आवश्यक है।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मार्ग में स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान का भी निरीक्षण किया। उन्होंने रेट लिस्ट एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संचालक को सख्त निर्देश दिए कि दुकान के आसपास किसी भी व्यक्ति को शराब का सेवन न करने दिया जाए। उन्होंने सार्वजनिक स्थलों पर अनुशासन एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिए.इसके उपरांत जिलाधिकारी ने रोडबेज हेतु प्रस्तावित सिटी सेंटर का निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए.जिलाधिकारी ने कहा कि जनहित से जुड़े सभी कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित विभाग नियमित समन्वय के साथ कार्य करें तथा आमजन को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने को सर्वोच्च प्राथमिकता दें । इस दौरान कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# रा.प्रा. विद्यालय कुनाड़ी का मार्ग क्षतिग्रस्त दुर्घटना की बनी संभावना खतरा उठाकर स्कूल पहुंच रहे हैं नोनिहाल

**लोहाघाट।** 27 जुलाई 2026 को हुई मूसलाधार बारिश से लोहाघाट ब्लॉक के दूरस्थ राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुनाड़ी का पैदल मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। जिस कारण अब विद्यालय के नन्हे मुन्ने छात्र व शिक्षक खतरा उठाते हुए किसी तरह विद्यालय पहुंच रहे हैं। रास्ता पार करने के दौरान नोनिहालों के साथ दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। इसके अलावा बाकू से कुनाडी सड़क मार्ग भी लंबे समय से पूरी तरह बदहाल पड़ा हुआ है। पर संबंधित विभाग के द्वारा कोई भी संज्ञान नहीं लिया गया है। सड़क में दुर्घटनाओं की संभावना बनी हुई है तथा कई दुपहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। मामले को लेकर ग्राम प्रधान पुष्कर सिंह कुवर व पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्कर बोरा व ग्रामीणों ने गहरी नाराजगी जताते हुए जिला प्रशासन से तत्काल विद्यालय के पैदल मार्ग व सड़क को दुरुस्त करने की मांग की है। कहा अगर इस दौरान कोई हादसा बच्चों के साथ होता है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी उन्होंने बताया भूस्खलन की जद में आने से एक आवासीय भवन को भी खतरा पैदा हो गया है। वही क्षेत्र के राजस्व उप निरीक्षक के द्वारा मौका मुवायना किया गया था पर अभी तक मार्ग ठीक करने की दिशा में कोई भी कार्रवाई शुरू नहीं की गई है कहा सड़क से विद्यालय तक बच्चों व शिक्षक को खतरा उठाते हुए आधा किलोमीटर की पैदल दूरी तय करनी पड़ती है ।



## 28 जुलाई को स्कूल न खुलने पर शिक्षक को विभाग ने तनख्वाह रोकने का नोटिस किया जारी

**लोहाघाट।** मामले में विद्यालय के शिक्षक शैलेंद्र वर्मा ने बताया 28 जुलाई को उन्होंने मार्ग की स्थिति व बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए आपदा प्रबंधन अधिकार के तहत विवेकाधीन अवकाश घोषित किया जिसके लिए उनके द्वारा ग्राम प्रधान, भोजन माता व अभिभावकों से बात की गई स्थिति को देखते हुए उनकी सहमति पर विवेकाधीन अवकाश घोषित किया गया था । पर उसके बदले में विभाग के द्वारा उनको नोटिस भेज बिना उनसे बात के उनकी जांच की गई तथा उनका वेतन रोकने का आदेश जारी किया गया है। शिक्षक वर्मा ने बताया जबकि उन्होंने बच्चों की पढ़ाई का हमेशा ध्यान रखा है तथा पैरों में तकलीफ होने के बावजूद भी वह स्कूल पहुंचते हैं और 36 साल उनके द्वारा दूरस्थ क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दी गई है। अध्यापक शैलेंद्र वर्मा ने बताया उनके द्वारा विभाग के नोटिस का जवाब दे दिया गया है। उन्होंने कहा रास्ते की हालत काफी बदहाल है जिसे बच्चों व शिक्षकों की सुरक्षा को देखते हुए तत्काल ठीक करने की सख्त आवश्यकता है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमोड़ी का विधिवत शुभारंभ, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार

**चंपावत ।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की आदर्श चम्पावत की दूरदर्शी परिकल्पना को धरातल पर उतारते हुए जनपद के पर्वतीय क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है। इसी क्रम में शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमोड़ी का उप जिलाधिकारी चंपावत विपिन चंद्र पंत तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देवेश चौहान एवं जनप्रतिनिधियों द्वार संयुक्त रूप से विधिवत शुभारंभ किया गया।उल्लेखनीय है कि इस नवनिर्मित स्वास्थ्य केंद्र का भव्य लोकार्पण विगत 29 जून को माननीय मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड सरकार, पुष्कर सिंह धामी द्वारा किया गया था।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 देवेश चौहान ने बताया कि क्षेत्रवासियों को स्थानीय स्तर पर ही उच्चस्तरीय, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक एवं फार्मेसी अधिकारी की तैनाती कर दी गई है। यह अस्पताल आधुनिक एवं आवश्यक चिकित्सा उपकरणों के साथ-साथ प्रचुर मात्रा में जीवनरक्षक एवं सामान्य दवाइयों से पूरी तरह लैस है। साथ ही केंद्र में 4 बेड की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे आपातकालीन स्थिति में मरीजों के भर्ती होने का भी पूर्ण प्रावधान किया गया है।उन्होंने बताया कि नवनिर्मित केंद्र में शुभारंभ के पहले ही दिन से स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से संचालित कर दी गईं। ओ0पी0डी0 में कुल 20 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श एवं दवाइयां प्रदान की गईं, जबकि चिकित्सीय आवश्यकता को देखते हुए 1 मरीज को भर्ती कर प्राथमिक उपचार दिया गया।स्थानीय निवासियों ने इस बहुप्रतीक्षित स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने पर अपार प्रसन्नता व्यक्त की।

इस स्वास्थ्य इकाई के पूर्ण रूप से क्रियाशील होने से पर्वतीय क्षेत्र के नागरिकों को अब छोटी-छोटी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं एवं प्राथमिक इलाज के लिए दूर-दराज के अस्पतालों या मैदानी क्षेत्रों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे, बल्कि उन्हें अपने घर के समीप ही मानक स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी शुभारंभ अवसर पर अनुसूचित मोर्चा प्रदेश मंत्री सूरज प्रहरी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सुंदर बोहरा सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित अमोड़ी तथा आसपास के दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से भारी संख्या में आम जनता उपस्थित रही।

## स्कूल वाहन संचालन के लिए डुंगरा लेटी के ग्रामीणों ने डीएम को दिया धन्यवाद



**चंपावत ।** जिले के लोहाघाट ब्लॉक के नेपाल सीमा से लगे डुंगरा लेटी के छात्र-छात्राओं के लिए विद्या वाहिनी योजना के तहत स्कूल वाहन की व्यवस्था करने पर। छात्र-छात्राओं व ग्रामीणों के द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व जिलाधिकारी चंपावत मनीष कुमार को धन्यवाद दिया गया। क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि पंडित प्रवीन पांडे के द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय में जाकर क्षेत्र के समस्त छात्र छात्राओं व ग्रामीण की ओर से जिलाधिकारी को धन्यवाद देते हुए प्रतीक चिन्ह भेट किया गया। पंडित प्रवीन पांडे ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व जिलाधिकारी चंपावत को धन्यवाद देते हुए कहा डुगरा लेटी क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को जीआईसी रोसाल आने जाने के लिए प्रत्येक दिन 20 से 25 किलोमीटर की दूरी पैदल तय करनी पड़ती थी।

## बाराकोटः डीएम के निर्देश पर जीआईसी बाराकोट में चार शिक्षकों की हुई तैनाती

**चंपावत ।** जिले के बाराकोट विकास खण्ड के मुख्यालय में राजकीय अटल उत्कृष्ट विद्यालय मे शिक्षकों की कमी के चलते छात्रों की शिक्षा में आ रही दिक्कतों को देखते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रकाश सिंह अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी चंपावत को अवगत कराया गया था। मामले का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी चंपावत मनीष कुमार ने समस्या का समाधान करते हुए अटल उत्कर्ष जीआईसी बाराकोट में चार शिक्षकों की तैनाती कर दी गई है।बाराकोट अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज बाराकोट मे फरवरी माह से अध्यापकों की कमी के कारण बच्चों के पठन-पाठन प्रभावित हो रहा था। जिलाधिकारी की सकारात्मक पहल के साथ विद्यालय में चार शिक्षकों की, तैनाती हो चुकी है जिसमें गणित ,भौतिक विज्ञान, भूगोल के शिक्षक अपना शिक्षण कार्य कर रहे हैं जिसमें क्षेत्र वासियो ने जिलाधिकारी को धन्यवाद दिया है । अभिभावकों द्वारा जिलाधिकारी की इस पहल से विद्यालय के पठन-पाठन को और बेहतर बनाया जा सकता है जिससे कि बच्चों का भविष्य अंधकार में ना हो सके ।विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रकाश सिंह अधिकारी ,राजू अधिकारी ,केदार सिंह अधिकारी, देवेंद्र सिंह अधिकारी, सुनील वर्मा, व्यापार संघ अध्यक्ष संजय वर्मा आदि लोगों ने जिलाधिकारी चंपावत को धन्यवाद दिया है। इस मामले को काली कुमाऊं खबर के द्वारा प्रमुखता से उठाया गया था।




## निजमुला घाटी में बारिश बनी आफत, ब्यारा ग्राम पंचायत के कई परिवार प्रभावित, रेडक्रॉस ने पहुंचाई राहत

**गोपेश्वर/चमोली।** विकासखंड दशोली की निजमुला घाटी में देर रात हुई भारी बारिश से ब्यारा ग्राम पंचायत के कई परिवार प्रभावित हो गए। लगातार बारिश के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह ने जिला एवं तहसील प्रशासन को दी। इसके बाद आपदा प्रभावित ग्रामीण सहायता की मांग को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। तहसील प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों का शीघ्र स्थलीय निरीक्षण कर नुकसान का आकलन करने का आश्वासन दिया है। प्रशासन के अनुसार सर्वे रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार राहत एवं सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस बीच भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, चमोली शाखा ने राहत कार्य शुरू करते हुए सचिव सुरेंद्र रावत ने तहसीलदार दीपशिखा के समन्वय से प्रभावित परिवारों को आवश्यक राहत सामग्री वितरित की। रेडक्रॉस ने बताया कि आपदा प्रभावित परिवारों तक तत्काल राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया है। राहत वितरण के दौरान जिला पंचायत सदस्य संतोषी, रेखा नेगी, शंकर बिष्ट और देव सिंह भी मौजूद रहे। बारिश से प्रभावित परिवारों में वीर सिंह पुत्र बलवंत सिंह, मंगल सिंह, राकेश सिंह पुत्र शेर सिंह, जितारा सिंह पुत्र जसपाल सिंह तथा प्रकाश सिंह पुत्र बहादुर सिंह सहित अन्य परिवार शामिल हैं। प्रशासन ने कहा है कि प्रभावित क्षेत्र की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

# महिला कल्याण संस्था ने शुरू की सावन मेले की तैयारियां

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** महिला कल्याण संस्था की ओर से आयोजित होने वाले सावन मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस संबंध में रविवार को नंदा देवी स्थित संस्था कार्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक टीमों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ भजन-कीर्तन के साथ हुआ।

बैठक में निर्णय लिया गया कि सावन मेला 12 और 13 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। मेले के पहले दिन सिद्ध नौला मंदिर से जल लेकर नंदा देवी मंदिर तक जलाभिषेक यात्रा निकाली जाएगी। मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के बाद भजन-कीर्तन का आयोजन होगा। मेले के दूसरे दिन महिलाओं के लिए विभिन्न सांस्कृतिक एवं पारंपरिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इनमें सेली सजाओ, दुल्हन बनो, सावन गीतों पर नृत्य तथा कुमाऊंनी व्यंजन प्रतियोगिता प्रमुख रहेंगी। प्रत्येक प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल प्रतिभागियों से विषय से जुड़े प्रश्न भी पूछेगा। कुमाऊंनी व्यंजन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को मोटे अनाज से बने पारंपरिक व्यंजन घर से तैयार कर लाने होंगे। इसके अलावा मेले में महिलाओं द्वारा विभिन्न खाद्य स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जिनसे होने वाली आय महिलाओं के स्वरोजगार को बढ़ावा देगी।

# 10 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर सील गांव पहुंचे डीएम सुनी जन समस्याएं

## ग्रामीणों की डीएम से गांव तक सड़क पहुंचाने की मांग, सीएम घोषणा के बावजूद नहीं पहुंची सड़क

### चौपाल लगाकर डीएम ने सुनी जन समस्याएं मौके पर किया निस्तारण, ग्रामीणों का भाया डीएम का अंदाज



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**लोहाघाट।** अपने वादे के मुताबिक डीएम चंपावत मनीष कुमार शनिवार को 10 किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा कर खतरनाक रास्तों से चंपावत जिले के बाराकोट ब्लॉक के दूरस्थ सड़क विहीन गांव सील पहुंचे। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों के द्वारा जिलाधिकारी चंपावत का जोरदार स्वागत किया गया। अपने बीच जिलाधिकारी को प्रकार ग्रामीण काफी खुश नजर आए जिलाधिकारी के द्वारा काफी आत्मियता से ग्रामीणों से मुलाकात की गई।

डीएम चंपावत मनीष कुमार ने गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। इस दौरान समस्त ग्रामीणों ने जिलाधिकारी चंपावत से उनके गांव तक सड़क पहुंचाने की मांग को प्रमुखता से उठाया। ग्रामीणों ने कहा मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद आज तक उनके गांव में सड़क नहीं पहुंची है। जिस कारण उन्हें कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है कहा 10 किलोमीटर की खड़ी चढ़ाई पार कर गांव के बच्चे स्कूल पहुंचते है ,बीमार बुजुर्गों व गर्भवती महिलाओं को डोली के सहारे मुख्य सड़क तक पैदल लाना पड़ता है। ग्रामीणों ने कहा सड़क न होने के कारण ग्रामीण प्रधानमंत्री आवास योजना तक का लाभ नहीं उठाते हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से कहा उनकी सिर्फ एक ही समस्या है और वह है सड़क।

जिलाधिकारी के द्वारा ग्रामीणों की सड़क संबंधी समस्या को गंभीरता से लेते हुए गांव तक सड़क पहुंचाने का आश्वासन दिया गया। इसके अलावा ग्रामीणों के द्वारा जिलाधिकारी के सामने आधार कार्ड ,आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड व अन्य समस्याओं को रखा जिसका जिलाधिकारी के द्वारा मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा अन्य समस्याओं के लिए संबंधित अधिकारियों को जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिए गए। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा ग्रामीणों का चिकित्सा परीक्षण कर दवा वितरित की गई। जिलाधिकारी के द्वारा ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा गया वह उनकी सड़क निर्माण संबंधी समस्या को प्राथमिकता से शासन में रखेंगे। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा ग्रामीणों की वार्ता शासन में बैठे अधिकारियों से कराई गई। इस दौरान जिला अधिकारी के द्वारा गांव के बच्चों व मातृशक्ति से वार्ताकर उनकी समस्याओं को पूछा गया ।वहीं जिलाधिकारी को अपने बीच पाकर ग्रामीण काफी खुश नजर आए ।ग्रामीणों ने कहा जिलाधिकारी का यह अंदाज उन्हें काफी पसंद आया कहा उन्हें पूरा विश्वास है जिलाधिकारी उनके गांव तक सड़क को अवश्य पहुंचाएंगे। मालूम हो सील गांव बरसों से सड़क की मांग कर रहा है। पूर्व में चुनाव के दौरान सील गांव के द्वारा चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया गया था पर तत्कालीन जिलाधिकारी नवनीत पांडे के द्वारा ग्रामीणों को सड़क निर्माण का आश्वासन देते हुए गांव तक सड़क पहुंचाने का वादा किया गया था ।जिसके बाद ग्रामीणों के द्वारा चुनाव बहिष्कार छोड़ मतदान किया गया पर सड़क नहीं पहुंची। अब देखना है क्या शासन इस बार सील गांव तक सड़क पहुंचना है या नहीं। इस दौरान ग्राम प्रधान खड़क सिंह , प्रकाश महर, अजय बिष्ट, रमेश बिष्ट,दीवान सिंह, सुरेंद्र सिंह सहित कई अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## सीमांत क्षेत्र की समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधियों का डीएम को ज्ञापन

**लोहाघाट।** चंपावत जिले के लोहाघाट ब्लॉक के सीमांत कुनाड़ी , पुण्डिल, कुलोली क्षेत्र की समस्याओं को लेकर क्षेत्र पंचायत सदस्य परी कुवर व अन्य



जनप्रतिनिधियों के द्वारा जिलाधिकारी चंपावत मनीष कुमार से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं के बारे में जानकारी देते हुए समाधान की मांग की। परी कुवर व अन्य जनप्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को बताया क्षेत्र में जूनियर हाई स्कूल तक विद्यालय संचालित है इसके बाद क्षेत्र के बच्चों को 15 से 16 किलोमीटर की दूरी तय कर जीआईसी दिगाली चौड़ व जीआईसी रोसाल शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाना पड़ता है। जिसके चलते छात्र छात्राओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है उन्होंने जिलाधिकारी से बच्चों के लिए स्कूल वाहन की व्यवस्था करने की मांग की। इसके अलावा नागार्जुन बाबा मेला परिसर पुडिंल का सौंदर्य करण, बाकू सुल्ला मोटर मार्ग का सुल्ला तक मिलान, ग्राम पंचायत के आंतरिक मार्गों का सुधारीकरण, जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा के लिए चैन फेंसिंग लगाने की मांग प्रमुखता से रखी गई। जिलाधिकारी के द्वारा जनप्रतिनिधियों को समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया। इस दौरान गणेश सिंह, गिरधर सिंह, रघुवर सिंह प्रहलाद सिंह आदि मौजूद रहे।

## पोखरी खाल खेल मैदान में बना शौचालय स्वच्छ भारत अभियान की उड़ा रहा धज्जियां

**चंपावत।** जिले के विकास खण्ड बाराकोट के पोखरी खाल खेल मैदान में



बने शोचालय में पिछले एक महीने से साफ सफाई न होने के कारण स्वच्छ भारत अभियान का मजाक उड़ रहा है। जिसमें क्षेत्र वासियों ने जिला पंचायत की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठा रखे है।क्षेत्र वासियों का कहना है कि जिला पंचायत का वाहन कूड़ा उठाने तो लगभग आता है लेकिन शौचालय की अनदेखी करके चला जाता है। जबकि क्षेत्र की जनता द्वारा जिला पंचायत पर शौचालय की साफ सफाई को नजर अंदाज , करने का आरोप लगाया है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने कहा कि समय रहते शौचालय की साफ सफाई की जाती तो जिला पंचायत पर यह आरोप नहीं लगाया जाता। क्षेत्र वासियों ने कहा कि जिला पंचायत टैक्स तो बराबर वसूल करता है लेकिन सुविधा के नाम पर जिला पंचायत से कोई फायदा नहीं मिल रहा है जबकि कूड़ा गाड़ी हर तीसरे चौथे दिन कूड़ा निकासी के लिए आती है। कूड़ा दान भी शौचालय के बिल्कुल नजदीक है लोगों का कहना है कि शौचालय की बदहाली व जिला पंचायत की बेरुखी से आसपास रहने वाले निवासी परेशान है जिसका उदाहरण शौचालय की दुर्दशा से लगाया जा सकता है क्षेत्र के लोगों ने जिला पंचायत की कार्यप्रणाली से नाराजगी जताई है। तथा शौचालय को स्वच्छ करने की मांग की।

## भाजपा विधायक महेश जीना के बयान पर यूकेडी का हमला, कहा, पहाड़ के स्वाभिमान का अपमान बर्दाश्त नहीं



**नई दिल्ली।** उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) के दिल्ली प्रदेश महामंत्री अमित थपलियाल ने सल्ट से भाजपा विधायक महेश जीना के बयान की कड़ी आलोचना करते हुए इसे पहाड़ और उत्तराखंड की जनता के स्वाभिमान का अपमान बताया है। अमित थपलियाल ने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा लगातार ऐसी भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो उत्तराखंड की जनता की भावनाओं को आहत करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि कभी प्रदेशवासियों को सड़क छाप कहकर अपमानित किया जाता है, तो कभी चर्बी उतारने जैसे असंसदीय और आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की बयानबाजी लोकतांत्रिक मर्यादाओं और नैतिक मूल्यों के खिलाफ है तथा उत्तराखंड की अस्मिता पर सीधा प्रहार है। यूकेडी ऐसे अहंकारी और जनविरोधी बयानों की कड़े शब्दों में निंदा करता है। थपलियाल ने प्रदेश की जनता से अपील करते हुए कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में ऐसे नेताओं को लोकतांत्रिक तरीके से वोट की ताकत से जवाब दिया जाए, ताकि जनता के सम्मान से खिलवाड़ करने वालों को सबक मिल सके।

# बीएसएनएल की लाइन बिछाने के दौरान हादसा करंट लगने से नेपाली मजदूर की मौत एक गंभीर रूप से घायल

### ग्रामीणों ने बीएसएनएल पर लगाए लापरवाही के आरोप



**पाटी (चंपावत)।** चम्पावत जिले की नगर पंचायत पाटी के रानीचौड़ वार्ड में बीएसएनएल लाइन का पोल खड़ा करने के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया । पोल खड़ा करते समय वह पास से गुजर रही विद्युत लाइन को छू गया जिससे चार मजदूर करंट की चपेट में आ गए। जहां हादसे में 19 वर्षीय नेपाली मजदूर सुशील साही की मौत हो गई जबकि 40 वर्षीय धनजीत गंभीर रूप से घायल हो गए ।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बीएसएनएल की लाइन बिछाने का कार्य चल रहा था । इसी दौरान मजदूर पोल खड़ा कर रहे थे । अचानक पोल लहराकर ऊपर से गुजर रही हाई वोल्टेज बिजली की लाइन से छू गया । चार मजदूर करंट की चपेट में आ गए ।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और साथी मजदूरों व स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाटी पहुंचाया । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाटी में चिकित्सकों ने 19 वर्षीय सुशील साही को मृत घोषित कर दिया और गंभीर रूप से घायल धनजीत की हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद लोहाघाट उपजिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है जहां उसका उपचार चल रहा है चिकित्सकों ने उसकी हालत खतरे से बाहर बताई । विद्युत विभाग के अवर अभियंता बसंत बल्लभ गहतोड़ी ने बताया कि बीएसएनएल का पोल विद्युत लाइन के बेहद नजदीक खड़ा किया जा रहा था और इसी दौरान वह लाइन से टकरा गया । उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य के लिए विद्युत विभाग को किसी प्रकार की पूर्व सूचना नहीं दी गई थी और न ही शटडाउन लिया गया था । यदि पहले से जानकारी दी जाती तो आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की जा सकती थी । स्थानीय लोगों का कहना है कि पाटी विकासखंड क्षेत्र में चल रहे बीएसएनएल के कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों का पर्याप्त पालन नहीं किया जा रहा है ।

कई स्थानों पर बिना सुरक्षा उपकरणों के मजदूरों से काम कराया जा रहा है । आरोप है कि पहले भी बिना शटडाउन लिए बिजली के पोलों पर चढ़कर कार्य किए जाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं , जो बड़े हादसे को न्योता देती हैं । हाल ही में नगर पंचायत पाटी के जौलाड़ी वार्ड में पानी की टंकी निर्माण कार्य के दौरान भी ऐसा ही दर्दनाक हादसा हुआ था । सरिया सीधी करते समय वह बिजली की लाइन से टकरा गई थी , जिससे एक नेपाली मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई थी । लगातार हो रही ऐसी घटनाओं ने निर्माण कार्यों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं । लगातार हो रहे विद्युत हादसों के बाद स्थानीय लोगों ने सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने की मांग की है , ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। बीएसएनएल के अधिकारियों ने बताया कार्यदाई सस्था के द्वारा यह कार्य कराया जा रहा है घटना की सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। सूचना पर एसडीएम लोहाघाट नीतू डांगर व पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी ली एसडीएम के द्वारा कार्यदाई सस्था के प्रतिनिधियों को सुरक्षा मानकों का पालन करने के कड़े निर्देश दिए। वही पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम के लिए लोहाघाट मोर्चरी भेजा गया। घटना को लेकर क्षेत्र में काफी आक्रोश है। लोगों ने मृतक युवक के परिजनों को मुआवजा देने तथा जिम्मेदारों पर कार्यवाही की मांग की है।

## वन विभाग की अनापत्ति न मिलने से सरयू लिफ्ट पेयजल योजना में देरी

**लोहाघाट।** चंपावत जिले के लोहाघाट नगर की बहु प्रतीक्षित सरयू लिफ्ट पेयजल योजना का कार्य वन विभाग की अनापत्ति न मिलने के कारण शुरू नहीं हो पाया है। जल निगम के अधिशासी अभियंता अशोक स्वरूप ने जानकारी देते हुए बताया सरयू लिफ्ट पेयजल योजना काफी बड़ी योजना है जिसके लिए वन विभाग व अन्य विभागों की निरापत्ति का मिलना काफी आवश्यक है। अधिशासी अभियंता ने बताया विभाग के द्वारा केंद्र को वन विभाग की अनापत्ति के लिए फाइल भेज दी गई है । अनापत्ति मिलने के बाद सरयू लिफ्ट पेयजल योजना निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा। अधिशासी अभियंता ने बताया लोहाघाट नगर में डिस्ट्रीब्यूशन लाइन की सर्वे पूर्ण की जा चुकी है उन्होंने कहा अगस्त माह से डिस्ट्रीब्यूशन लाइन को बिछाने का कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा वन विभाग से निरापत्ति के लिए विभाग पूरी तरह लगा हुआ है।

# स्थायी राजधानी गैरसैंण की मांग को लेकर यूकेडी ने चौखुटिया क्षेत्र में किया जनसंपर्क



पर्वत प्रेरणा ब्यूरो

**भिकियासैंण (अल्मोड़ा)।** उत्तराखंड की स्थायी राजधानी गैरसैंण घोषित किए जाने की मांग को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) की जनसंकल्प जनजागृति यात्रा लगातार जारी है। अभियान के तहत पार्टी नेताओं ने चौखुटिया क्षेत्र के खीड़ा सहित विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कर लोगों से गैरसैंण के समर्थन में एकजुट होने की अपील की।

यात्रा के दूसरे दिन पालंगवाड़ी, चुलेरासीम, खीड़ा, बगड़ी और गोदी सहित कई क्षेत्रों में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान जनगीतों के माध्यम से नुक्कड़ सभाएं भी हुईं, जिनमें स्थानीय लोगों को गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाए जाने की आवश्यकता पर जागरूक किया गया।

यूकेडी नेताओं ने कहा कि राज्य का संतुलित और सर्वांगीण विकास स्थायी राजधानी गैरसैंण के बिना संभव नहीं है। उनका कहना था कि राज्य गठन के वर्षों बाद भी विकास की स्पष्ट नीति नहीं बन पाई है, जिसके कारण बेरोजगारी बढ़ी है और पलायन से गांव खाली हो रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाए जाने से दूरस्थ क्षेत्रों तक विकास पहुंचेगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और पलायन पर रोक लगेगी।

वक्ताओं ने जनता से वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में गैरसैंण के मुद्दे पर यूकेडी का समर्थन करने की अपील की। जनसंपर्क अभियान के दौरान कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की। इस अवसर पर द्वाराहाट के पूर्व विधायक पुष्पेश त्रिपाठी, ब्लॉक अध्यक्ष भगवत मेहरा, राज्य आंदोलनकारी भगवत सिंह रावत, गुड्डी देवी, बालम नेगी, हरेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह मेहरा, मनोज सिंह, पप्पू सिंह, महेश तड़ियाल, बबलू रावत, गजेंद्र बिष्ट, बहादुर सिंह, वीरेंद्र बजेठा, गोबिंद अधिकारी, गणेश नेगी, महेश नेगी, इंद्रलाल शाह सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लड़ाई-झगड़ा कर अशांति फैलाना वाला गिरफ्तार

**चंपावत।** एसपी चंपावत रेखा यादव के निर्देशन में जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से चम्पावत पुलिस लगातार सतर्कता एवं प्रभावी कार्रवाई कर रही है। थाना रीठा साहिब पुलिस द्वारा शुक्रवार को लडाई झगड़ा, शांति व्यवस्था भंग करने पर बॉबी भट्ट को धारा126/135/135(3)/170 बीएनएसएस के अंतर्गत गिरफ्तार कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त उपरोक्त को परगना मजिस्ट्रेट, पाटी के समक्ष पेशी किया गया। पुलिस टीम में उ0नि0 बुद्धि बल्लभ पाण्डेय, हे0का0 136 हरीश चन्द्र बिष्ट, का0 35 अरविन्द कार्की, का0 चालक बलवन्त सिंह शामिल रहे।

## पुलिस अवैध काली फिल्म हटाई, काटा चालान

**भिकियासैंण (अल्मोड़ा)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा चंद्रशेखर घोड़के के निर्देश पर जनपद पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में सल्ट थाना पुलिस ने क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। थानाध्यक्ष कश्मीर सिंह के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान एक कार के शीशों पर अवैध काली फिल्म लगी पाई गई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर ही वाहन से काली फिल्म हटवाई और संबंधित चालक के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की।



अभियान के दौरान पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। साथ ही वाहन में अवैध मॉडिफिकेशन, काली फिल्म तथा अन्य नियम-विरुद्ध बदलाव नहीं करने की हिदायत भी दी। पुलिस ने कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और यातायात नियमों का पालन कराने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# हल्द्वानी कैंप कार्यालय में मंत्री राम सिंह कैड़ा ने सुनीं जन समस्याएं



पर्वत प्रेरणा ब्यूरो

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड सरकार के शहरी विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन तथा जलागम प्रबंधन मंत्री रामसिंह कैड़ा ने रविवार को हल्द्वानी स्थित कैंप कार्यालय (ई-34, जज फार्म) में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर आम जनता की समस्याएं सुनीं।

पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू हुए जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें मंत्री के समक्ष रखीं। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि अन्य मामलों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जिससे लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके। मंत्री रामसिंह कैड़ा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता से जुड़े मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी और संवेदनशीलता के साथ निस्तारण किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा ने बनाई रणनीति

**अल्मोड़ा।** भारतीय जनता पार्टी ने आगामी हर घर तिरंगा अभियान और संगठनात्मक कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए शनिवार को जिला कार्यालय पाताल देवी में रणनीतिक बैठक आयोजित की। बैठक में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अभियान को जन-जन तक पहुंचाने तथा पूरी सक्रियता के साथ इसमें भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।

बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ हुआ। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष महेश नयाल, दर्जा राज्य मंत्री कुंदन लटवाल, नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, हर घर तिरंगा अभियान के जिला संयोजक देवेंद्र नयाल, जिला प्रकोष्ठ संयोजक महिपाल बिष्ट सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री दर्शन रावत ने किया।

जिलाध्यक्ष महेश नयाल ने कहा कि आगामी समय संगठन और चुनाव, दोनों दृष्टि से महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि 11 से 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान के दौरान टोली बनाकर प्रत्येक घर तक पहुंचा जाएगा और लोगों से अपने घरों पर राष्ट्रध्वज फहराने का आग्रह किया जाएगा।

## बेलबाबा के पास बाघ द्वारा युवक को उठाने की अफवाह से मचा हड़कंप, वन विभाग ने किया खंडन

पर्वत प्रेरणा ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बेलबाबा क्षेत्र में एक किलोमीटर दूर बाघ द्वारा एक युवक को उठा ले जाने की खबर फैलने से रविवार को इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर पहुंच गई। हालांकि मौके पर पहुंचकर लोगों को पता चला कि बाघ के हमले की सूचना पूरी तरह अफवाह थी।



जानकारी के अनुसार, गुमशुदा शिवशंकर गोस्वामी की तलाश में उनके परिजन और परिचित बेलबाबा क्षेत्र पहुंचे थे। शिवशंकर गोस्वामी की पत्नी प्रियंका गोस्वामी ने बताया कि उनके पति कई दिनों से लापता हैं और पुलिस की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि परिचितों ने क्षेत्र में कुछ संकेत मिलने की बात कही थी, जिसके आधार पर वे वहां पहुंचे थे।

इस बीच क्षेत्र में बाघ द्वारा युवक को उठा ले जाने की चर्चा फैल गई, जिससे बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। बाद में जांच करने पर ऐसी कोई घटना सामने नहीं आई। हल्द्वानी रेंज के वन क्षेत्राधिकारी (आरओ) ने स्पष्ट किया कि बाघ के हमले की सूचना पूरी तरह निराधार और अफवाह है। उन्होंने लोगों से अपील की कि बिना पुष्टि के किसी भी तरह की भ्रामक सूचना पर विश्वास न करें और न ही उसे आगे फैलाएं।

## पुलिस से मारपीट करने वाले दो आरोपियों पर दर्ज हुआ मुकदमा

पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**रुद्रपुर।** बीती शाम झील के समीप बाईक पर जा रहे दो युवक वहां से टकराकर गिर गए कि मौके पर पुलिस पहुंची तो पता चला कि दोनों युवक नशे में चूर हैं हैं। उन्होंने पुलिस से ही अभद्रता व मारपीट शुरू कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक सूचना को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली रुद्रपुर से वरिष्ठ उप निरीक्षक श खुशवंत सिंह मय पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम के पहुंचने पर दो व्यक्ति पुलिस कर्मियों के साथ धक्का-मुक्की, मारपीट एवं सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे।पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को मौके से हिरासत में लेकर कोतवाली रुद्रपुर लाया गया।गिरफ्तार अभियुक्तों में गुरप्रीत सिंह पुत्र सरदार दौलत सिंह, निवासी प्रीत विहार, रुद्रपुर, मूल निवासी पंजाब और सुरजीत कुमार पुत्र बाबूराम, निवासी बेस पड़ेमा, थाना जहानाबाद, जनपद पीलीभीत (उत्तर प्रदेश) है।

# साहित्य, संस्कृति, विज्ञान और हिमालयी चिंतन का महाकुंभ बनेगा अल्मोड़ा लिटरेचर फेस्टिवल 2026

### 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक मल्ला महल में होगा आयोजन



पर्वत प्रेरणा ब्यूरो

**अल्मोड़ा।** उत्तराखण्ड का सबसे बड़ा साहित्यिक एवं वैचारिक आयोजन अल्मोड़ा लिटरेचर फेस्टिवल 2026 अपने चौथे संस्करण के साथ 30 अक्टूबर से 1 नवंबर 2026 तक ऐतिहासिक मल्ला महल, अल्मोड़ा में आयोजित होगा। यह बात एक नीजी होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ बसुधा पन्त ने कहा कि यह महोत्सव एक बार फिर देश-विदेश के प्रतिष्ठित साहित्यकारों, इतिहासकारों, वैज्ञानिकों, कलाकारों, पत्रकारों, शिक्षाविदों, उद्यमियों, नीति-निर्माताओं और सार्वजनिक जीवन की प्रमुख हस्तियों को एक मंच पर लाएगा। पिछले तीन सफल संस्करणों के बाद एएलएफ 2026 अब केवल साहित्य तक सीमित न रहकर विचार, विज्ञान, पर्यावरण, इतिहास, संस्कृति, लोकतंत्र, प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और हिमालयी समाज से जुड़े समकालीन विषयों पर राष्ट्रीय स्तर के संवाद का मंच बनेगा।

इस वर्ष महोत्सव का विशेष फोकस युवा सहभागिता पर रहेगा। इसके तहत रोड टू एएल एफ 2026 अभियान चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से अल्मोड़ा सहित पूरे उत्तराखण्ड के स्कूलों-कॉलेजों में वाद-विवाद, रचनात्मक लेखन, कथा समीक्षा, कविता, फोटोग्राफी, पॉडकास्ट, पारम्परिक व्यंजन, संस्कार गीत, प्रश्नोत्तरी, रंगमंच जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। उद्देश्य राज्यभर के हजारों विद्यार्थियों को साहित्य और संस्कृति से जोड़ना है।

एएलएफ 2026 में लेखक संवाद, पुस्तक विमोचन, कविता पाठ, कार्यशालाएं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, बाल साहित्य, फिल्म एवं कला प्रदर्शनियां होंगी। साथ ही कुमाऊंनी भाषा, लोक साहित्य और हिमालयी विरासत पर विशेष सत्र होंगे।

## विश्व स्काफ दिवस पर स्काउट-गाइड विधार्थियों का सम्मान

पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**टनकपुर।** दयानंद इंटर कॉलेज, टनकपुर में शनिवार को विश्व स्कार्फ दिवस उत्साह और गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके बाद विद्यालय के स्काउट एवं गाइड विद्यार्थियों को स्कार्फ पहनाकर सम्मानित किया गया तथा स्काउट-गाइड आंदोलन के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला गया।विद्यालय के प्रबंधक डॉ. मनुश्रवा आर्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्काउट-गाइड के नियमों, अनुशासन, सेवा, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रसेवा की भावना पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड आंदोलन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, सेवा भाव, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करता है।विद्यालय की प्रधानाचार्य माहेश्वरी पांडेय ने विद्यार्थियों से स्काउट-गाइड के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने और समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में स्काउट मास्टर संदीप कुमार, गाइड कैप्टन रवीना सिंह, कोषाध्यक्ष गायत्री कृपा, विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन स्काउट-गाइड की प्रतिज्ञा दोहराते हुए उसके आदर्शों का पालन करने के संकल्प के साथ किया गया।

